डा. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
उत्तर प्रदेश सरकार
Dr. Shakuntala Misra National Rehaibilitation University, Lucknow
Government of Uttar Pradesh

पत्रांक–1898/पत्रावली .सं. 185/इण्टरनेट/नेटवर्किंग./2017–18 दिनांकः 16 फरवरी, 2018

## कार्यालय ज्ञाप

विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के समस्त भवनों में इण्टरनेट वाई–फाई संचालित किया जाना है जिस हेतु CYBEROAM CR 500 iNG-XP उपकरण क्रय किया गया है। इस उपकरण में वाई–फाई संचालित करने के लिए सिक्युरिटी डिवाइस में Web Filter Category के अर्न्तगत कुल 89 तरह की साइटों को प्रतिबन्धित करने के लिए Category उपलब्ध है **(सूची संलग्न परिशिष्ट–1)**। इसके Category में आवश्यकतानुसार और भी साइटों को प्रतिबन्धित/उनमुक्त किया जा सकता है। उक्त उपकरण में इण्टरनेट वाई–फाई संचालित करने पर सम्बन्धित सिक्युरिटी डिवाइस में Application Category के अर्न्तगत कुल 22 तरह की Application को प्रतिबन्धित करने के लिए Category उपलब्ध है **(सूची संलग्न, परिशिष्ट–2)**। इसके Category में आवश्यकतानुसार और भी Application को बढ़ाया अथवा घटाया जा सकता है।

उक्त कार्य को सुचारू रूप से संचालित किये जाने हेतु एक समिति का गठन किया जाता है–

| कम सं0 | विश्वविद्यायल के अधिकारियों का पदनाम | समिति पदनाम |
|---|---|---|
| 01 | अधिष्ठाता छात्र कल्याण, विश्वविद्यालय | अध्यक्ष |
| 02 | कुलानुशासक, विश्वविद्यालय | सदस्य |
| 03 | अधिष्ठाता, विशेष शिक्षा संकाय, विश्वविद्यालय | सदस्य |
| 04 | अधिष्ठाता, कम्प्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, विश्वविद्यालय | सदस्य |
| 05 | अधिष्ठाता, इन्जीनियरिंग, विश्वविद्यालय | सदस्य |
| 06 | कुलसचिव या उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि, विश्वविद्यालय | सदस्य |
| 07 | विधि अधिकारी, विश्वविद्यालय | सदस्य |

उक्त समिति द्वारा सिक्युरिटी उपकरण के माध्यम से विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों, अध्ययनरत विद्यार्थियों/शोधार्थियों एवं विश्वविद्यालय में पधारे हुए मेहमानों के उपयोगार्थ इण्टरनेट वाई–फाई का संचालन एवं विश्वविद्यालय में कुल दस प्रकार के प्रयोगकर्ताओं हेतु Web Filter Category एवं Application Category को चयनित किया जाना है **(सूची संलग्न, परिशिष्ट–2)**।

कृपया समिति के अध्यक्ष एवं सदस्यगण एक बैठक कर सिक्युरिटी उपकरण के माध्यम से विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों, अध्ययनरत विद्यार्थियों/शोधार्थियों एवं विश्वविद्यालय में पधारे हुए मेहमानों के उपयोगार्थ इण्टरनेट वाई–फाई के निर्बाध संचालन हेतु प्रयोगकर्ताओं हेतु Web Filter Category एवं Application Category की सूची अधोहस्ताक्षरी को 07 कार्यदिवस में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(अखिलेन्द्र कुमार)
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः**

1. स्टाफ ऑफिसर, कुलपति, माननीय कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समिति के अध्यक्ष, विश्वविद्यालय।
3. समिति के समस्त सदस्यगण, विश्वविद्यालय।
4. सिस्टम एनालिस्ट, विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।
5. गार्ड फाइल।

(अखिलेन्द्र कुमार)
कुलसचिव